ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने समर्थन वापस लिया था

# विश्वासमत हारने के बाद प्रचंड ने पीएम पद छोड़ा

सियासत

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वासमत हासिल नहीं कर पाए। पिछले सप्ताह उनकी सरकार से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने अपना समर्थन वापस ले लिया था।

प्रचंड चार बार विश्वासमत हासिल करने में सफल रहे थे। उन्होंने 25 दिसंबर, 2022 को पद संभाला था। पिछले सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने सदन में नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद उनकी पार्टी ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

**नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी :** नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पीएम के रूप में ओली का समर्थन कर चुके हैं। कांग्रेस के पास प्रतिनिधि सभा में 89 सीट हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीट हैं। इस तरह दोनों की संयुक्त संख्या 167 हैं।



काठमांडू में संसद सत्र के दौरान शुक्रवार को मौजूद पुष्प कमल दहल। • एएफपी

**275** सीटें हैं नेपाल की प्रतिनिधि सभा में | **194** वोट पड़े विश्वासमत प्रस्ताव के विरोध में

**ओली ने सरकार बनाने का दावा पेश किया :** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने प्रचंड के विश्वास मत हासिल नहीं कर पाने के बाद नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रचंड के संसद में बहुमत साबित करने में विफल रहने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार को राजनीतिक दलों से बहुमत साबित करने के लिए रविवार शाम की समयसीमा के साथ नई सरकार बनाने का दावा पेश करने को कहा। राष्ट्रपति ने सरकार बनने तक प्रचंड से कार्यवाहक के रूप में प्रधानमंत्री बने रहने को कहा।

## पाक संसद में इमरान खान की पार्टी सबसे बड़ी होगी

■ कोर्ट ने फैसला दिया, पार्टी आरक्षित सीट आवंटन के लिए पात्र

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ 109 सीट के साथ संसद में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को फैसला दिया कि यह पार्टी महिलाओं, अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट के आवंटन के लिए पात्र है।

खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के लिए एक बड़ी कानूनी जीत है। सुप्रीम कोर्ट ने पेशावर हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें निर्वाचन आयोग के नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानसभाओं में आरक्षित सीट में पार्टी को हिस्सा देने से इनकार करने के आदेश को बरकरार रखा गया था।

पीठ ने निर्वाचन आयोग के फैसले को भी अमान्य घोषित करते हुए इसे पाकिस्तान के संविधान के खिलाफ करार दिया। पीटीआई नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी क्योंकि 23 आरक्षित सीट हासिल करने के बाद इसकी सीट 86 से बढ़कर 109 हो जाएगी। नेशनल असेंबली में विपक्षी गठबंधन की सीट संख्या भी बढ़कर 120 हो जाएगी। वर्तमान में, पीटीआई सहित संयुक्त विपक्ष के 97 सदस्य हैं।

## एक्स का चेकमार्क भ्रामक है : ईयू

**लंदन, एजेंसी।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को कहा कि एक्स के नीले चेकमार्क भ्रामक हैं। कहा कि यह पारदर्शिता के साथ जवाबदेही आवश्यकताओं पर खरा नहीं उतरता है। यूरोपीय संघ के नए सोशल मीडिया नियमों के प्रभावी होने के बाद से यह किसी दिग्गज कंपनी के खिलाफ पहला आरोप है।

यूरोपीय आयोग ने 27 देशों के संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम के तहत एक्स की जांच से प्रारंभिक निष्कर्षों की रूपरेखा तैयार की। एक्स को टिप्पणी के लिए ईमेल अनुरोध भेजा गया था। इस पर कंपनी की तरफ से प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें कहा गया है कि अभी व्यस्त हूं, कृपया बाद में दोबारा जांच करें। इसके मुख्य प्रवक्ता ने कथित तौर कंपनी छोड़ दी।

## समुद्र में डूबने से चार प्रवासियों की मौत

**पेरिस, एजेंसी।** इंग्लिश चैनल को पार करने की कोशिश में शुक्रवार तड़के फ्रांस से ब्रिटेन जा रही प्रवासियों की नौका समुद्र में पलट गई। हादसे में चार लोग की मौत हो गई। ये हादसा उत्तरी फ्रांस में बोलोग्ने-सुर-मेर के तट के पास हुआ। सूचना मिलने पर तटरक्षक बल, नौसेना मौके पर पहुंची और 63 लोगों को बचाया।

## फिनलैंड में प्रवेश नहीं कर सकेंगे प्रवासी

**हेलसिंकी, एजेंसी।** फिनलैंड के सांसदों शुक्रवार को विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें सीमा सुरक्षा बलों को रूस से प्रवेश करने का प्रयास करने वाले तीसरे देश के प्रवासियों को वापस भेजने और उनके शरण आवेदनों को अस्वीकार करने की अनुमति देगा।

200 सीटों वाली संसद में 167 सांसदों ने पक्ष में वोट दिया। वाम गठबंधन ने इसके विरोध में मतदान किया।


भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
अंसारी नगर, नई दिल्ली
Adv. No. ICMR/BMHRC/Rectt./Principal/2024/2-Pers.
फैकल्टी पदों के लिए भर्ती सूचना

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन, द्वारा अखिल भारतीय स्थानांतरण दायित्व के साथ सीधी भर्ती के अधीन नियमित आधार पर नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों से समेकित विधि (प्रतिनियुक्ति/पदोन्नति) के माध्यम से भरे जाने वाले, पे मैट्रिक्स के लेवल 12 (रु. 78,800-2,09,200) में भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी), भोपाल में प्रिंसिपल (नर्सिंग कॉलेज) सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'ए' राजपत्रित, गैर-मंत्रालयी के पद को भरने हेतु 05 अगस्त, 2024 को सायं 5.30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया आईसीएमआर वेबसाइट: www.icmr.nic.in अथवा https://recruit.icmr.org.in देखें।

हस्ता./-
सीबीसी 17152/11/0008/2425 सहायक महानिदेशक (प्रशा.)



भारतीय भेषज संहिता आयोग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
सेक्टर-23, राजनगर, गाजियाबाद

सं०-आई.पी.सी./1112/2023-24

रिक्ति परिपत्र
सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक, भारतीय भेषज संहिता आयोग की नियुक्ति

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत स्वशासी निकाय के रूप में स्थापित भारतीय भेषज संहिता आयोग, सेक्टर-23, राजनगर, गाजियाबाद - 201002 जिसका प्राथमिक लक्ष्य समयबद्ध रूप से भारतीय भेषज संहिता के नूतन संस्करण एवं भारत की राष्ट्रीय सूत्र संहिता प्रकाशित करना और अन्य दूसरे कार्य जैसे अन्य सन्दर्भ पदार्थों का विनिर्माण, सत्यापन एवं वितरण है, को निम्न विवरणानुसार सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक के पद हेतु एक सक्षम, प्रतिबद्ध तथा गतिशील व्यक्ति की आवश्यकता है:-

**पद का वेतनमान:** वेतन मैट्रिक्स स्तर 14 (रु. 1,44,200-2,18,200)
**भर्ती का स्वरुप:** सीधी भर्ती/सर्च- सह- चयन समिति
**आयु:** अधिमानतः 50 वर्ष से कम
**योग्यता:-**
**(गैर- चिकित्सीय)**
**अनिवार्य:-** i) भेषज विज्ञान/बायो-रसायन/बायो-टेक्नोलॉजी/रसायन/भेषजगुण विज्ञान/सूक्ष्मजीव विज्ञान में से संबंधित क्षेत्रों में किसी एक क्षेत्र में पी०एच०डी० सहित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि।
**(चिकित्सीय)**
सूक्ष्मजीव विज्ञान/भेषजगुण विज्ञान में विशेषज्ञता के साथ चिकित्सा/बायोलॉजिकल साइंस में स्नातकोत्तर उपाधि ।
**वांछनीय:** संबंधित क्षेत्रों में से किसी एक में पी०एच०डी० उपाधि।
**अनुभव: अनिवार्य:**
(1) फार्मास्यूटिकल्स के क्षेत्र में वरिष्ठ स्तर पर 5 वर्ष के अनुभव सहित 15 वर्ष का अनुभव।
(2) प्रकाशित शोध पत्र (पत्रों) के समर्थन सहित संबंधित क्षेत्र में शोध अनुभव।
**कार्यकाल:** पांच (5) वर्ष, योग्य मामलों में, कार्यकाल पांच (5) वर्ष की एक और अवधि के लिए या सेवानिवृत्ति की आयु तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है।
**कार्य विवरण:** वह आयोग का मुख्य वैज्ञानिक एवं कार्यकारी अधिकारी होंगे तथा आईपी आयोग द्वारा स्थापित साधारण समिति, प्रबंध समिति, वैज्ञानिक समिति के सदस्य के सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करेंगे। वह भारतीय भेषज संहिता आयोग में सम्मिलित की जाने वाली औषधों तथा सूत्रणों के मोनोग्राफों की तैयारी में आयोग को नेतृत्व तथा कौशलपूर्ण निदेश उपलब्ध करेंगे। वे सुनिश्चित करेंगे कि भारत की राष्ट्रीय सूत्र संहिता का समयबद्ध प्रकाशन हो। वे औषधियों के गुणवत्तापूर्ण आश्वासन हेतु अपेक्षित प्रमाणित संदर्भ पदार्थ की उपलब्धता के लिए समयबद्ध कार्यक्रम का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

आयोग के वेबसाइट **https://www.ipc.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकने वाले विहित प्रपत्र पर कड़ाई से पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र के साथ संलग्न सहायक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों और सरकारी संगठन में नियोजित उम्मीदवारों के मामले में पिछले पांच साल की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट तथा निजी क्षेत्र में नियोजित उम्मीदवारों के मामले में समतुल्य मूल्यांकन रिपोर्ट और नियोक्ता के प्रमाण पत्र सहित उचित माध्यम द्वारा श्री बिकास आर. महतो, अवर सचिव (ड्रग्स विनियमन), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा नंबर 434-सी विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011 के पास रोजगार समाचार में प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर पहुँच जाने चाहिए।

सचिव-सह-वैज्ञानिक निदेशक का पद 1 मार्च, 2025 से भरे जाने की संभावना है और सक्षम प्राधिकारी को बिना किसी कारण बताए पद के लिए प्राप्त किसी भी/या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
भारतीय भेषज संहिता आयोग


## नेपाल में रनवे पर विमान फिसला

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की निजी विमानन कंपनी बुद्ध एयर का विमान गुरुवार रात लुम्बिनी प्रांत में उतरते समय रनवे पर फिसल गया, उसमें 59 लोग सवार थे। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

## भारत रूस के खिलाफ मतदान से दूर रहा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में गुरुवार को रूस के खिलाफ मतदान से भारत दूर रहा। इस मसौदा प्रस्ताव में रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता तत्काल रोकने और जेपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रूसी सैनिकों, अनधिकृत कर्मचारियों को फौरन वापस बुलाने की मांग की गई थी।

प्रस्ताव पर 193 सदस्यों में से 99 ने पक्ष में मतदान किया। बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया सहित नौ देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया। भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देश मतदान से दूर रहे। प्रस्ताव में रूस से यूक्रेन के खिलाफ आक्रामकता बंद करने समेत अन्य मांगें की गई हैं।

## गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं पर धारदार हथियार से हमला

**लंदन, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट स्थित एक गुरुद्वारे के भीतर एक किशोर ने गुरुवार को श्रद्धालुओं पर धारदार हथियार से हमला किया। इसमें दो महिला श्रद्धालु घायल हो गईं। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया है।

केंट पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेवसेंड स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा बुलाया गया था। गुरुद्वारा प्रबंधन ने कहा कि घटना के समय दरबार हॉल में गुरु ग्रंथ साहिब जी मौजूद नहीं थे। यह गुरुद्वारा यूरोप के बड़े गुरुद्वारों में से एक है। जिस समय श्रद्धालु वहां मौजूद थे, एक किशोर अंदर आया और श्रद्धालुओं पर धारदार हथियार से हमला शुरू कर दिया, जिसमें दो महिलाएं घायल हो गईं।

अधिकारियों ने एक किशोर को हत्या के प्रयास और धार्मिक रूप से उत्तेजना फैलाने के संदेह में पकड़ा और घटनास्थल से धारदार हथियार भी बरामद किया। केंट पुलिस डिटेक्टिव सुपरीटेंडेंट इयान डायबॉल ने कहा, हम गुरुद्वारे में हुई घटनाओं के संबंध में समुदाय की चिंताओं को समझते हैं। स्थानीय सांसद डॉ. लॉरेन सुलिवन ने इस घटना पर दुख जताया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी माथा टेकने के बहाने गुरुद्वारे में घुसा था। पहले उसने जायजा लिया और फिर अचानक हमला कर दिया।

## रूसी राष्ट्रपति से बातचीत को तैयार नहीं : जो बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार देर शाम कहा कि जब तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने व्यवहार में परिवर्तन नहीं लाते, वह उनसे बातचीत को तैयार नहीं हैं।

बाइडन बोले कि फिलहाल उनके पास पुतिन से बातचीत करने का कोई वाजिब कारण नहीं है। वह वाशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन के अंत में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, इस युद्ध में जिसे पुतिन ने कथित तौर पर जीत लिया है मुझे सटीक संख्या का पता नहीं लेकिन रूस ने यूक्रेन का 17.3 प्रतिशत हिस्सा जीत लिया था, अब यह 17.4 प्रतिशत है। उन्होंने कोई खास सफलता हासिल नहीं की। उन्होंने भयानक क्षति पहुंचाई और जान-माल को नुकसान पहुंचाया है। खुद अपने 350,000 से अधिक सैनिकों को भी खोया है। ये सैनिक या तो मारे गए हैं या जख्मी हुए हैं। उनके दस लाख से अधिक लोग, विशेष रूप से तकनीकी क्षमता वाले युवा देश छोड़ रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां कोई भविष्य नहीं दिखाई दे रहा।

### खुद फोन करें पुतिन

बाइडन ने यूक्रेन पर रूस के युद्ध के संबंध में कहा, एक बात तय है कि अगर हमने रूस को जीतने दिया तो वे यूक्रेन भर में नहीं थमेंगे। मैं किसी भी नेता से बात करने के लिए तैयार हूं जो बात करना चाहता है यहां तक की पुतिन से भी लेकिन अगर वह मुझे फोन करें तो। पिछली बार जब मैंने पुतिन से बात की थी तो मैंने कोशिश की थी कि परमाणु हथियारों और अंतरिक्ष से संबंधित हथियार नियंत्रण समझौते पर बात हो लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

## भारत यूक्रेन में शांति के लिए भूमिका निभाए : अमेरिका

**वेस्ली, एजेंसी।** भारत को यूक्रेन में शांति सुनिश्चित करने और उसे रूस के साथ बातचीत के लिए तैयार करने में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। ये बातें अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कही।

लियाम वेस्ली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को यात्रा तथा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन संघर्ष समेत अन्य मुद्दों पर हुई उनकी बातचीत के कुछ दिनों के बाद ये बातें कही। वह अमेरिकी विदेश विभाग में यूरोपीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मामलों से संबंधित कार्यालय के निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों को यह समझना चाहिए कि राष्ट्रपति पुतिन और रूस अमेरिका के यूरोपीय सहयोगियों व नाटो गठबंधन के लिए कितना बड़ा खतरा हैं। वेस्ली ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह लोकतांत्रिक देशों में रहने वाले अरबों लोगों की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा प्रत्यक्ष खतरा है।

### दुनिया पर प्रभाव

वेस्ली ने कहा कि भारत दुनिया के एक बहुत बड़े हिस्से में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करने वाला देश है। हमें लगता है कि भारत बहुत प्रभावशाली है, और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा वातावरण के भविष्य पर इसका बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। यही कारण है कि मुझे लगता है कि भारत यूक्रेन में शांति लाने में एक रचनात्मक भूमिका निभा सकता है।


भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल
(गृह मंत्रालय)
भारत सरकार

कांस्टेबल/ट्रेड्समैन (दर्जी एवं मोची)
के पद हेतु भर्ती-2024

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा **कांस्टेबल/ट्रेड्समैन (दर्जी एवं मोची), सामान्य केन्द्रीय सेवा, ग्रुप 'सी' गैर-राजपत्रित (नॉन-मिनीस्टीरियल)** में, वेतनमान, पे मैट्रिक्स में लेवल-3 रु. 21,700-69,100/-(7 वें सीपीसी के अनुसार) में, अस्थायी आधार पर जिसके भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में स्थायी होने की संभावना है, रिक्तियों को भरने के लिए पात्र पुरुष व महिला भारतीय नागरिकों (नेपाल व भूटान के नागरिक शामिल) से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित उम्मीदवार भारत अथवा विदेश में कहीं भी सेवा देने के लिए उत्तरदायी होंगे। आवेदकों को आवेदन करने से पूर्व अपनी पात्रता को जांच लेने की सलाह दी जाती है ताकि बाद की स्थिति में निराशा से बचा जा सके।

2. पद आधारित रोस्टर के अनुसार रिक्तियों के विवरण इस प्रकार हैं:

| पद का नाम | कुल रिक्तियां | विवरण | संवर्ग | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अनु.जा. | अनु.ज.जा. | ई.डब्लू.एस. | |
| कांस्टेबल (दर्जी) | 18 | पुरुष | 7 | 0 | 7 | 2 | 16 |
| | | महिला | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| कांस्टेबल (मोची) | 33 | पुरुष | 15 | 1 | 9 | 3 | 28 |
| | | महिला | 3 | 0 | 2 | 0 | 5 |

टिप्पणी:-
(क) रिक्तियां अनंतिम हैं तथा बगैर किसी नोटिस के बढ़ या घट सकती हैं। रिक्तियों की संख्या में कोई परिवर्तन भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल भर्ती वेबसाइट अर्थात् https://recruitment.itbpolice.nic.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
(ख) भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल इस विज्ञापन के प्रकाशन के बाद भर्ती प्रक्रिया के क्रम में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल प्रशासनिक कारणवश किसी चरण पर भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने अथवा स्थगित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।
(ग) संबंधित पद/संवर्ग में रिक्तियों का 10 प्रतिशत पूर्व-सैनिकों हेतु आरक्षित हैं।
(घ) आवेदन शुल्क: रु. 100/-(रुपये एक सौ मात्र)। महिलाओं , पूर्व-सैनिकों और अनुसूचित जाति (अनु.जा.), अनुसूचित जनजाति (अनु.ज.जा.) संवर्गों से संबंधित उम्मीदवारों को शुल्क में छूट प्राप्त है।

3. पात्रता शर्तें:
शैक्षिक योग्यताएं एवं आयु सीमा:-

| पद का नाम | आयु सीमा | न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अनिवार्य योग्यताएं |
|---|---|---|
| कांस्टेबल (दर्जी एवं मोची) | 18 से 23 वर्ष | i) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण; ii) संबंधित विधा में दो वर्ष का कार्यानुभव हो; या iii) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/व्यावसायिक संस्थान से एक वर्षीय प्रमाणपत्र साथ में कम-से-कम एक वर्ष का अनुभव हो; या iv) इस विधा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से दो वर्षीय डिप्लोमा। |

4. उम्मीदवारों से आवेदन पत्र केवल **ऑनलाइन मोड के माध्यम से वेबसाइट:** https://recruitment.itbpolice.nic.in पर स्वीकार किये जायेंगे। कोई ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। आयु में छूट, पात्रता शर्तों, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया, भर्ती प्रक्रिया, परीक्षाएं तथा वेतन एवं भत्तों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए **आवेदकों को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल भर्ती वेबसाइट अर्थात् https://recruitment.itbpolice.nic.in पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन को पढ़ लेने की सलाह दी जाती है।** इस भर्ती के संबंध में कोई अन्य जानकारी/अधिसूचना केवल भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल भर्ती वेबसाइट के माध्यम से दी जायेगी। इसलिए, आवेदकों को समय समय पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल भर्ती वेबसाइट लॉगइन करने की सलाह दी जाती है तथा बाद में निराशा से बचने के लिए आवेदन करने से पूर्व ध्यानपूर्वक पात्रता मानदंड को पढ़ लेने की भी सलाह दी जाती है।
5. जिन उम्मीदवारों के आवेदन सही पाये जाते हैं, उनको भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र (ऑनलाइन) जारी किये जायेंगे। उम्मीदवारों को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल भर्ती वेबसाइट अर्थात https://recruitment.itbpolice.nic.in से ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड करना होगा। इसलिए, उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के समय वास्तविक एवं कार्यशील ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना चाहिए। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तकनीकी अथवा अन्य कारणवश प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
6. चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी), शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी), दस्तावेजों का सत्यापन, लिखित परीक्षा और विस्तृत चिकित्सा जांच (डीएमई)/समीक्षा चिकित्सा जांच (आरएमई) शामिल होगी।
7. उम्मीदवारों की फिटनेस पता लगाने के लिए चिकित्सा जांच एमएचए यू.ओ.नं. A.VI-1/2014-Rectt (SSB) दिनांक 20.05.2015 तथा A.VI.I/14-Rectt (SSB) दिनांक 24.08.2015 तथा समय-समय पर सरकार द्वारा यथासंशोधित अनुसार जारी सीएपीएफ तथा एआर में जीओ'ज तथा एनजीओ'ज के लिए भर्ती चिकित्सा जांच के लिए एकसमान दिशा-निर्देश के अनुसार संचालित की जायेगी।

**ऑनलाइन आवेदन मोड 20 जुलाई, 2024 (20.07.2024) को रात्रि 00.01 बजे से खुलेगा तथा 18 अगस्त, 2024 (18.08.2024) को रात्रि 11.59 बजे बंद हो जायेगा।**

सीबीसी 19143/11/0004/2425 डीआईजी (भर्ती)



HCL TECHNOLOGIES LIMITED
Corporate Identity Number : L74140DL1991PLC046369
Registered Office : 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi, 110 019
Corporate Office : Plot No. 3A, Sector 126, Noida 201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telephone: +91 11 26436336

**Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS:** (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 30 June 2024 (Unaudited) | Previous year ended 31 March 2024 (Audited) | Three months ended 30 June 2023 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 28,057 | 109,913 | 26,296 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 5,707 | 20,967 | 4,696 |
| Net profit for the period before tax | 5,707 | 20,967 | 4,696 |
| Net profit for the period after tax | 4,259 | 15,710 | 3,531 |
| Net profit for the period after tax and non-controlling interest | 4,257 | 15,702 | 3,534 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax) | 4,228 | 16,557 | 3,823 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | 543 | 543 | 543 |
| Other equity# | 67,720 | 67,720 | 64,862 |
| Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹) | | | |
| Basic (in ₹) | 15.70 | 57.99 | 13.05 |
| Diluted (in ₹) | 15.69 | 57.86 | 13.03 |

# Balances for three month ended 30 June 2024 and year ended 31 March 2024, represent balances as per the audited consolidated balance sheet for the year ended 31 March 2024 and balances for three month ended 30 June 2023, represent balances as per the audited consolidated balance sheet for the year ended 31 March 2023, as required by Securities and Exchange Board of India {Listing Obligation and Disclosure Requirements} Regulations, 2015.

**Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS:** (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 30 June 2024 (Unaudited) | Previous year ended 31 March 2024 (Audited) | Three months ended 30 June 2023 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 11,784 | 48,118 | 11,451 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 3,401 | 15,456 | 3,409 |
| Net profit for the period before tax | 3,401 | 15,456 | 3,409 |
| Net profit for the period after tax | 2,479 | 11,674 | 2,596 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 2,529 | 12,113 | 2,934 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | 543 | 543 | 543 |
| Other equity# | 38,927 | 38,927 | 40,561 |
| Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹) | | | |
| Basic (in ₹) | 9.14 | 43.11 | 9.59 |
| Diluted (in ₹) | 9.14 | 43.02 | 9.57 |

# Balances for three month ended 30 June 2024 and year ended 31 March 2024, represent balances as per the audited standalone balance sheet for the yearended 31 March 2024 and balances for three month ended 30 June 2023, represent balances as per the audited standalone balance sheet for the year ended 31 March 2023, as required by Securities and Exchange Board of India {Listing Obligation and Disclosure Requirements} Regulations, 2015.

Notes :
1. The consolidated and the standalone financial results for the three months ended 30 June 2024 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 12 July 2024. The statutory auditors have issued unmodified review report on these results.
2. The Board of Directors have declared an interim dividend of ₹ 12 per share at its meeting held on 12 July 2024.
3. The Group was providing certain business process outsourcing (BPO) services to State Street International Holdings, USA (State Street) and its affiliates through a joint venture. With effect from 1 April 2024, the Group has divested its stake in the joint venture in favour of State Street and the agreement for related services has also been terminated. Accordingly, the balance sheet of Statestreet HCL Holding UK Limited (and its step down subsidiaries) is de-consolidated from that date. The Group has received consideration of ₹1,439 crores ($ 172 million) (net of cash of ₹126 crores ($ 15 million) and other net assets of ₹106 crores ($ 13 million) transferred). This has also resulted in gain on divestment in Statement of Profit and Loss for the current quarter.
4. On 23 May 2024, the Group has signed a definitive agreement to carve-out and acquire certain assets (CSS) of Communications Technology Group (CTG) from HPE for 1,876 crores ($225 million). Through this arrangement, the Group will acquire intellectual property (IP), Engineering and R&D talent and customer relationships with global Communication Service Providers (CSPs). The transaction is expected to close in next 6-9 months, subject to receipt of applicable regulatory approvals and completion of other customary closing conditions.
5. Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
6. The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com.

By the order of the Board of Directors for
HCL Technologies Limited

Roshni Nadar Malhotra, Chairperson, DIN - 02346621
C. Vijayakumar, Chief Executive Officer and Managing Director, DIN - 09244485
Prateek Aggarwal, Chief Financial Officer

Noida (UP), India
12 July 2024
HCL